**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय (सीएबीएम) में सत्र 2025–2027 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

पंतनगर। 13 मई 2025। देश के अग्रणी कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थानों में से एक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय (सीएबीएम), जो विष्व स्तरीय अधोसंरचना, उत्कृष्ट संकाय, 100 प्रतिषत प्लेसमेंट और श्रेष्ठ नेतृत्व के लिए जाना जाता है, ने सत्र 2025–2027 के लिए एमबीए (एग्रीबिजनेस) प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

प्रभारी अधिकारी (प्रवेश) डा. सौरभ सिंह ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई थी और ग्रुप डिस्कशन/पर्सनल इंटरव्यू (जीडी/पीआई) 20 एवं 21 मई 2025 को प्रस्तावित था लेकिन छात्रों से प्राप्त अनुरोधों एवं तिथियों के टकराव को ध्यान में रखते हुए अब आवेदन की अंतिम तिथि 18 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। जीडी/पीआई अब 3 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा।

महाविद्यालय में कुल सीटों का 50 प्रतिषत उत्तराखंड राज्य के छात्रों के लिए आरक्षित है तथा शेष 50 प्रतिषत सीटें अन्य राज्यों के छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने जानकारी दी कि प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त हो सके।

अधिष्ठाता डा. आर.एस. जादौन ने बताया कि सीएबीएम का उद्देश्य न केवल कृषि प्रबंधन में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि छात्रों को वैष्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यावसायिक दक्षताओं का भी विकास करना है। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटों www.gbpuat.org, www.gbpuat.ac.in and www.cabm.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।